सुविचार
व्यक्ति को कभी भी मौके का इंतजार नहीं करना चाहिए। क्योंकि जो आज है वो ही सबसे बड़ा मौका हैं।

साप्ताहिक
युवा प्रदेश
Freedom of Speech
संपादक :- नागेश नरवरिया
RNI.NO. MPHIN/2015/76299

वर्ष 7, अंक-01 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 11 फरवरी 2022 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 3 रुपये

Mother's Basket
Kitchen Herbs & Spices
Swad jo pahuche dil tak

# अनुसूचित जाति या जनजाति के वर्ग के व्यक्ति को गाँव या घर से निकालने के लिए मजबूर करना कितना गंभीर अपराध होता है जानिए/SC-ST Act, 1989.... ।

*गरीब-कमजोर वर्ग के व्यक्ति हमेशा दबंग लोग दबाते रहे हैं एवं शोषण के प्रति भी बहुत से विचारक ने अपने विचार प्रस्तुत किये हैं। कुछ पूंजीपति लोग या गाँव के दबंग लोग अपना बल ऐसे वर्गों पर दिखाते हैं जो निर्धन, गरीब, कमजोर या दलित वर्ग के होते हैं उन्हें ये लोग इतना मजबूर कर देते हैं कि वह अपना गृह निवास या गाँव छोड़ने के लिए मजबूर हो जाते हैं, लेकिन निर्बल या दलित वर्ग की सुरक्षा के लिए ऐसे व्यक्ति के खिलाफ कठोर कानून बनाया गया है जानिए।*



### अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति(अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(1)(य) की परिभाषा-?

*कोई व्यक्ति जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति वर्ग का सदस्य नहीं है वह उस(स्ट, स्ज्ञ) वर्ग के व्यक्ति को उसके घर, ग्राम, निवास का कोई भी स्थान छोड़ने के लिए मजबूर करेगा या किसी से निवास छुड़वाने के लिए मजबूर करवाएगा। वह व्यक्ति उपर्युक्त धारा के अंतर्गत दोषी होगा।*

***नोट-*** *कोई भी शासकीय सेवक लोक कर्तव्य के निर्वहन में ऐसी कार्यवाही करता है तब यह अपराध लागू नहीं होगा।*

*अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम,1989 की धारा 3(1)(य) के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान?- इस धारा के अपराध संज्ञेय एवं अजमानतीय होते हैं। इनकी सुनवाई का अधिकार क्षेत्र जिला विशेष न्यायालय करता है। सजा - इस धारा के अपराध के लिए अधिकतम पाँच वर्ष की सजा एवं जुर्माना से दण्डित किया जा सकता है।*

### पीड़ित व्यक्ति को शासन द्वारा राहत सहायता राशि;-

*अनुसूचित जाति और जनजाति(अत्याचार निवारण) नियम,1995 नियम 12(4) के अनुसार इस अपराध के अंतर्गत पीड़ित व्यक्ति को राज्य शासन या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता(संदाय) एवं सरकारी खर्चे पर गृह का पुनः संनिर्माण यदि विनिष्ट हो गया है तो करवाया जाएगा। यह राशि जिला कलेक्टर या जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजाति कार्यालय द्वारा स्वीकृत होगी है।*

*- लेखक बी.आर.अहिरवार*
*(पत्रकार एवं लॉ छात्र होशंगाबाद) 982773766*

# फर्जी डॉक्टर बनकर इलाज करने वाले को न्यायालय क्षमा कर सकता है या नहीं जानिए/IPC..... ।

पहले हम आपको ये बताएंगे कि किसी भी प्रकार से कपट, भय, गुमराह करके ली गई सहमति क्या होती है - अगर कोई व्यक्ति स्वयं को डॉक्टर बताकर मरीज के इलाज करने की सहमति ले लेता है वास्तव में वह डॉक्टर नहीं डॉक्टर का कंपाउंडर होता है या बिना डिग्री वाला फर्जी डॉक्टर होता है तब उसके द्वारा ली गई स्वीकृति अपराध होगी। अर्थात अगर कोई व्यक्ति डर दिखा कर किसी व्यक्ति से स्वीकृति लेता है या किसी व्यक्ति को जबरदस्ती शराब पिला कर सहमति ले ली जाएं तब यह भी अपराध हैं या किसी को भ्रम में डालकर कोई सहमति ले लेता है वह भी अपराध है मतलब की किसी भी तरह से गुमराह करके ली गई मरीज से सहमति भारतीय दण्ड संहिता में किसी भी प्रकार से क्षमा योग्य नहीं होगी जानिए।

### भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 90 की परिभाषा?

अगर किसी व्यक्ति से डरा-धमका कर या किसी भी प्रकार का भय दिखा



कर या किसी भी प्रकार से गुमराह , भ्रमित करके या 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति से या कोई पागल व्यक्ति से या किसी को उसकी इच्छा के विरुद्ध नशीली दवा पिलाकर ली गई सहमति(स्वीकृति) डॉक्टर द्वारा ली गई है वह धारा 90 के अंतर्गत अवैध होगी एवं ऐसे किसी व्यक्ति (डॉक्टर) को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 87,88,89 के अंतर्गत किसी भी प्रकार बचाव नहीं होगा।

**- लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चोहान(महिला सामाजिक कार्यकर्ता उत्तर प्रदेश अलीगढ़)**

# राज्य मंत्री श्री प्रदीप अहिरवार जी का पिपरिया दौरा के दौरान अहिरवार समाज के समस्त वरिष्ठ सामाजिक नागरिक बंधुओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया






आर.मांडले पिपरिया

**पिपरिया/होशंगाबाद।** माननीय राज्य मंत्री अनुसूचित जाति जनजाति (सदस्य )आयोग मध्यप्रदेश शासन भोपाल श्री प्रदीप अहिरवार जी का पिपरिया दौरा के दौरान अहिरवार समाज के समस्त वरिष्ठ सामाजिक नागरिक बंधुओं द्वारा भव्य स्वागत रेस्ट हाउस पिपरिया किया,माननीय मंत्री जी के भ्रमण हेतु जनपद सीईओ समीक्षा बैठक और सामाजिक समस्याओं का निराकरण हेतु जायजा लिया, और सरकारी हॉस्पिटल बनखेड़ी का निरीक्षण किया सीओ जनपद बनखेड़ी और माननीय सीमा कटाक्कार जी से सौजन्य भेंट की इसी दौरान बनखेड़ी में





सामाजिक मुस्लिम भाइयों के द्वारा भव्य स्वागत भी किया और बनखेड़ी कांग्रेश ब्लॉक सतीश पांडे जी से भी सौजन्य भेंट की और सामाजिक कार्यक्रम पीपरपानी मैं बिटिया रानी का आशीर्वाद लिया तत्पश्चात माननीय राजा पलिया जी से भी मुलाकात सौजन्य भेंट की और पीपरपानी के पंचायत सरपंच साहब से भी मुलाकात करते हुए, पिपरिया रेस्ट हाउस में सामाजिक और वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित हुए,श्री दिलीप पालीवाल जी,श्रीमती नीलम पचौरी जी, श्री भागचंद बर्गले,राजू ठेकेदार जी,श्री रामस्वरूप मांडले जी,श्री टीकाराम अहिरवार जी,मानसिंह अहिरवार जी ,कमल सिंह अहिरवार जी,संजेश गोलियां, संजय नेताजी ,योगेश अहिरवार ,सुनील ठाकुर,करोड़ी लाल गोलियां ,एसपी ब्रह्मवंशी चिंटू अहिरवार ,हर्ष अहिरवार संतोष अहिरवार ,गोविंद अहिरवार, महेश,कमलेश रघुवंशी,कल्लू भाई लांजी,बी.डी पटेल,अनेक सामाजिक एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





* अमर शहीद मनीराम अहिरवार जी *
महल चीचली रक्षा में रत, रक्षा के अधिकारी थे |
अंग्रेजों ने हमला बोला, मनीराम जी भारी थे ||
घोर क्रूरता की गोरों ने,
उत्पीड़न की सीमा लांघ |
डुबा यातना की दरिया में,
घुमा - घुमा कर मारे सांघ |
नहीं गुलामी स्वयं करूँगा,
न समाज को करने दूँ |
समाज जियेगा ऊंचा सर कर,
बिना मौत न मरने दूँ |
क्रांति वीर बलिदानी बांके,
बबर शेर से भारी थे |
महल चीचली रक्षा में रत, रक्षा के अधिकारी थे |
अंग्रेजों ने हमला बोला, मनीराम जी भारी थे ||

द्वारा रचित - कवि रामचरण अहिरवार पथरिया,
जिला - दमोह, ( मध्यप्रदेश )

# आजीविका मिशन कटंगी के द्वारा 1 करोड़ का किया गया वितरण



**कटंगी।** 8 फरवरी को जनपद पंचायत कटंगी अंतर्गत स्व सहायता समूहों को मुख्यमंत्री के लाइव प्रसारण के दौरान सीसीएल कैम्प के माध्यम से 1 करोड़ रुपये का वितरण किया गया। कलेक्टर डॉ गिरीश मिश्रा व सीईओ जिला पंचायत श्री विवेक कुमार के निर्देशन में और जिला परियोजना प्रबंधक श्री ओम प्रकाश बेदुआ व जिला प्रबंधक , ब्लॉक नोडल श्री मुकेश बिसेन के मार्गदर्शन में , कटंगी विख अंतर्गत गठित स्व सहायता समूहों की महिलाओं को लघु एवम कुटीर उद्योग स्थापित करने के उद्देश्य से आजीविका मिशन के माध्यम से बैंक ऑफ महाराष्ट्रा शाखा बोनकट्टा के द्वारा 30 समूह को प्रथम व द्वितीय डोज के 67 लाख रुपये और 40 पथ विक्रेताओं को 4 लाख इस प्रकार कुल 71 लाख रुपये सामुदायिक व हितग्राही मुलक योजनाओं के लिए शाखा प्रबंधक श्री सौम्यजीत चक्रवर्ती के द्वारा वितरण किया गया साथ ही स्टेट बैंक कटंगी के द्वारा 9 लाख कैनरा बैंक तिरोड़ी के द्वारा 5 लाख सीबीआई तिरोड़ी के द्वारा 11 लाख सीबीआई महकेपार के द्वारा 4 लाख इस प्रकार कुल 1 करोड़ की राशि का वितरण जिला पंचायत सदस्य श्री शंकर लाल टांडेकर एवम महाराष्ट बैंक के शाखा प्रबंधक श्री सौम्यजीत चक्रवर्ती के द्वारा किया गया इस इस ऋष्ा के माध्यम से महिलाएं बकरी पालन मछली पालन छोटे उद्योग अचार, पापड़ केरी बैग , साबुन, वाशिंग ,पाउडर आदि के द्वारा खुद भी रोजगार प्राप्त कर दुसरो को रोजगार भी देंगे महिला सशक्तीकरण एवम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आजीविका मिशन के द्वारा सराहनीय प्रयास किया जा रहा है । इस अवसर पर बैंक के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे एवम कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में आजीविका मिशन जनपद पंचायत कटंगी से वि.ख. प्रबंधक श्रीमती प्रतिमा सोनी , सहायक वि.ख. प्रबंधक श्री लक्ष्मीकान्त बंसोड़ , मुहर्ष एरके , आलोक डोंगरे तथा सुश्री माया फूलोके का सहयोग रहा।





## मेरी मां

जीवनदायिनी नर्मदा मैं,
अमरकंठ से निकलती हूं।
उबड़ -खाबड़ रास्तों में,
अविरत बहती हूं।
पर्वतों का सीना चीर,
जलप्रपात बनाती हूं।
दोनों तट ओढी हरियाली चादर
मन को शांति देती हूं।
जीवनदायिनी नर्मदा मां---
दुखित मन रोता मेरा,
प्रदूषित करते मुझको।
पर्यावरण को स्वच्छ बनाती,
आगे बढ़ती जाती हूं।
जीवनदायिनी नर्मदा---
मेरी कोख में पले जीव,
सबका पालन करती हूं।
मुझे रोककर बांध बनाते,
करू सिंचित खेत, सबको ऊर्जा देती हूं।
जीवनदायिनी नर्मदा-----
मेरे तटों पर बने आश्रम,
विश्व शांति का पाठ पढ़ाती हूं।
साधु संत करे तप,
मेरे दर्शन से मात्र,
पापों से मोक्ष दिलाती हूं।
जीवनदायिनी नर्मदा---
बड़े गर्व से इठलाती,
सतधारा जैसे मनमोहक,
पर्यटक स्थल बनाती हूं।
अर्थ उपार्जन ,
जीवन पोषण करती हूं।
जीवनदायिनी नर्मदा----
पक्षी मेरी सतह पर अठखेलियां,
सबके हृदय मन भाते हैं।
सब करें गुणगान मेरा,
सबको हृदय में समाती हूं।
जीवनदायिनी नर्मदा---
रौद्र रूप देख मेरा,
उथल-पुथल मचाती हूं।
आसमान तक गर्जना कर,
खंभात की खाड़ी में समाती हैं।
जीवनदायिनी नर्मदा मैं,
अमरकंठ से निकलती हूं।

-अंशु कवि
नारायण मासाब
नर्मदापुरम

## कलम की धार नकद या उधार


कलमकार के कलम को
धार दे दो
नकद नहीं तो उधार
ही दे दो
दबाये छिपाये महापुरुषों
का मूल इतिहास
एक दिन वह लिख जायेगा
बहुजन साथियों आप सभी
कलमकार को
आधार तो दे दो
कलमकार के कलम को
धार तो दे दो
नगद नहीं तो उधार
ही दे दो,
सबके हक अधिकार
कलम से पा सकते हैं
शोषण के विरुद्ध कलम
लोगो को जगा सकते हैं
एक वक्त भले ही भुखे
रह जाओ,
बच्चों को शिक्षा जरुर
दिलाओ,
शिक्षा ही वह धन है
साथियों,
जो कभी नही घटता है
जितना बांटो उतना
ही बढता है
बच्चों को शिक्षा का
आसार तो दे दो
कलमकार के कलम को
आधार तो दे दो
नगद नहीं तो उधार
ही दे दो,
बच्चों पर ऐतबार तो
कीजिए,
शिक्षा रुपी हथियार
तो दीजिए,
बुद्धिमता से उन्हें मालामाल
कीजिए,
अंधविश्वास अंधश्रद्धा से
उन्हें दुर कीजिए
विज्ञान और संविधान
पढने दीजिए,
साधन मुहैया कराकर
तो दे दो,
नगद नहीं तो उधार
ही दे दो,
कलमकार के कलम को
धार तो दे दो,
सब मिलकर उसे आधार
तो दे दो।



-हरीश पाडल
विचार क्रांति
छत्तीसगढ़

# अमृता भूतपूर्व छात्रा सम्मेलन गूगल मीट लिंक के माध्यम से आयोजित किया गया

**नर्मदापुरम।** शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम द्वारा अमृता भूतपूर्व छात्रा सम्मेलन गूगल मीट लिंक के माध्यम से आयोजित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन की अध्यक्षता में इस कार्यक्रम की संयोजक एवं भूतपूर्व छात्रा डॉ. भारती दुबे ने आज की मीटिंग का उद्देश्य रखते हुए सभी का स्वागत किया। भूतपूर्व छात्रा सम्मेलन में कई पुराने विद्यार्थी इस लिंक के माध्यम से आज आभासी पटल पर जुड़े 1981 बैच से श्रीमती नीति जैन ने गौरव एवं हर्ष के साथ बताया की उनकी अत्यंत ख्याति प्राप्त सखी आज शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय की आदरणीय प्राचार्य उनकी जूनियर रही हैं सन 1975 - 80 बैच की पूर्व छात्रा एवं महाविद्यालय में गृहविज्ञान



विभाग की प्राध्यापक डॉ. किरण तिवारी पगारे, डॉ. वर्षा चौधरी, डॉ. संगीता अहिरवार, डॉ. संध्या राय एवं सेवानिवृत्त डॉ. मनोरमा दीक्षित, डॉ. साफिया अहमद सन 1978 के बैच की श्रीमती वैशाली मांछीवाल, 1981-1986 बैच से महाविद्यालय में हिंदी की प्राध्यापक एवं पूर्व छात्रा डॉ पुष्पा दुबे, डॉ श्रुति गोखले, श्रीमती स्वाति मुखर्जी, 1995 श्रीमती सविता तिवारी, 1997 स्मिता नायक, स्वतंत्रता शर्मा कामदार, इति दीक्षित, अर्चना शुक्ला, मौसमी सिंह, मीना मौर्य, मनीषा धोटे, श्वेता तिवारी सभी ने अपने पुराने कॉलेज के दिनों को याद किया और भविष्य में ऐसे सम्मेलन में पुनः जुड़ने की इच्छा व्यक्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्राचार्य डॉ श्रीमती कामिनी जैन ने नर्मदा जयंती की शुभकामनाएं देते हुए उद्बोधन में कहा कि आप सभी इसी तरह अपना जुड़ाव इस महाविद्यालय से बनाए रखें एवं अपने उपयोगी सुझाव इस महाविद्यालय के लिए देते रहें जिससे हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलती रहे. इस कार्यक्रम का आभार भूतपूर्व छात्रा एवं महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. वर्षा चौधरी द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ श्रुति गोखले द्वारा किया गया. इस महाविद्यालय में कार्यरत पूर्व छात्रा के रूप में रागिनी सिकरवार, डॉ. नीतू पवार, श्रीमती प्रीति ठाकुर, डॉ निशा रिछारिया एवं लगभग 63 भूतपूर्व छात्राओं ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की।

# मप्र के रायसेन जिले में रविदासिया धर्म से हुआ लग्न - फलदान





**युवा प्रदेश नेटवर्क**

**रायसेन।** अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के संत श्री मोहनदास जी महाराज एवं संत श्री गणेश दास जी महाराज के सानिध्य में प्रदेश के उपाध्यक्ष श्री अतर सिंह भारतीय ने दिनांक 07 फरवरी 2022 को ग्राम गुप्ति (हमीरपुर), तहसील सिलवानी जिला रायसेन मध्यप्रदेश में श्रद्धेय शिब्बूलाल लाल राठौरिया जी के सु-पुत्र आयुष्मान राजेंद्र राठौरिया ग्राम गुप्ति (हमीरपुर) का लग्न और फलदान श्रद्धेय भगवानदास अहिरवार जी की सु - पुत्री आयुष्मति जमनादेवी ग्राम जीरावाड़ा से संपन्न कराया गया। यह कार्यक्रम रविदासिया धर्म से अपेक्षाकृत बहुत सस्ता, सहज, सरल और सारगर्भित रहा। कार्यक्रम पूर्ण रूप से धार्मिक ग्रंथ अमृतवाणी के अनुसार रस्म अदायगी कर संपन्न कराया गया। अंत में प्रदेश उपाध्यक्ष श्रद्धेय भारतीय ने दोनों पक्षों को अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन भारत की मध्यप्रदेश इकाई की ओर से विवाह की बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# बाल लैंगिक शोषण के अंतर्गत पॉस्को अधिनियम की जानकारी दी गई







**नर्मदापुरम।** शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम मे गुरुवार को डॉ. श्रीमती कामिनी जैन प्राचार्य के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ हर्षा चचाने के नेतृत्व में बाल लैंगिक शोषण के अंतर्गत आगाज़ इंटर्नशिप 1 अक्टूबर से 10.02.2022 तक दौरान छात्रा प्रिया मेहरा सीएनडी बीएससी द्वितीय वर्ष द्वारा छात्राओं को पॉस्को एक्ट की जानकारी दी। प्रिया मेहरा ने बताया कि महिलाओं के साथ होने वाले शोषण किस प्रवृत्ति के होते है एवं उनसे हम किस प्रकार अपना बचाव कर सकते है। इस अवसर पर प्रिया मेहरा ने छात्राओं को यू रिपोर्ट आईडी पर रजिस्टर्ड किया। प्रिया मेहरा ने उनके द्वारा किये जा रहे नवाचार के माध्यम से छात्राओं को जागरूक किया। उन्होने बताया कि इंटर्नशिप के दौरान विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों जैसे मूक अभिनय एवं खेलों के माध्यम से नर्मदापुरम जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नियमित रूप से कार्यक्रम आयोजित किये गये। उन्होने चाइल्ड हेल्पलाइन 1090 की जानकारी भी दी। पॉस्को एक्ट क्या है और यह कैसे सुरक्षा करता है इस कानून के जरिए नाबालिग बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराध और छेड़छाड़ के मामलों में कार्रवाई कैसे की जाती है इससे संबंधित विस्तृत जानकारी छात्राओं को प्रिया मेहरा ने प्रदान की। कार्यक्रम में डॉ श्रीकांत दुबे, डॉ अनिल रजक, डॉ घनश्याम डेहरिया डॉ. नीतू पंवार, श्री रफीक अली एवं डॉ. एकता, श्रीमती शीतल मेहरा एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

# सुर साम्राज्ञी लता जी को प्रेरणा का सादर नमन, नम आंखों से श्रद्धा सुमन किये अर्पित



**जबलपुर।** प्रेरणा साहित्य संस्था अखिल भारतीय स्तर पर हिंदी प्रचार प्रसार हेतु संकल्पित मंच ने भारत रत्न सुरों की मलिका पद्मविभूषित लता मंगेशकर जी को श्रद्धांजलि अर्पित की कवि संगम त्रिपाठी ने पंक्तियों में यह बात कही कि - देवलोक में आज जमी होगी भारी महफ़िल, लताजी का सुर सुनने बेचैन होगा देवों का दिल। फनकार यक़ीनन सदा अमर रहता है मेरे दोस्त, कभी खत्म नहीं होती है हुनर बाजों की मंजिल। अनिल कुमार शुक्ला हिंदी मर्मज्ञ ने शब्दांजलि में कहा कि आज भारत ने सचमुच लता जी रुपी महान विभूति को खो दिया है आज देश के जन-जन को उनके देवलोक गमन की पीड़ा है और आंखें नम हैं। देश की स्वर साम्राज्ञी लता जी को प्रेरणा साहित्य संस्था परिवार के अनिल शुक्ला, विनोद कैथवार,एस.एन.सिंह, संगम त्रिपाठी, अनुराग शुक्ला, पी.के श्रीवास्तव, सुनील भारद्वाज, मंजू चौकसे रमेश तिवारी, पीयूष तिवारी, प्रमोद दुबे,एड सुजीत द्विवेदी, एस एन ठाकुर, शैलेन्द्र तिवारी, गौरव तिवारी,महेश मिश्रा, गुरूमुख दास,ने भरे मन से श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

-कवि संगम त्रिपाठी

# गांजा तस्करी का आरोपी 20 हजार का गांजा सहित गिरफ्तार, खड़गवां पुलिस की कार्यवाही



**कोरिया।** जिले के खड़गवां थाना अंतर्गत अवैध मादक पदार्थ गांजा का परिवहन और बिक्री करने के मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 आरोपी को गिरफ्तार किया है।आरोपी के पास से 2 किलो गांजा बरामद किया गया है जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 20 हजार रूपये है। थाना प्रभारी खड़गवां विजय सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 8 फरवरी 2022 को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम नारायणपुर का रहने वाला सलात मोहम्मद अपने मोटर सायकल पैसन प्रो जिसका नंबर सीजी 15 सीजे 6420 है उसकी डिक्की में अवैध मादक पदार्थ गांजा को छिपाकर अवैध रूप से बेचने के लिये खड़गवां की ओर आ रहा है। मुखबिर की सूचना से तत्काल पुलिस अधीक्षक कोरिया और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया जिनके निर्देशानुसार व नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खड़गवां विजय सिंह ने सउनि राम बाबू दोहरे के नेतृत्व में टीम बनाकर मुखबिर के बताये स्थान पर घेराबंदी की।

इसी दौरान आरोपी गाड़ी नम्बर सीजी 15 सीजे 6420 में वहां पहुंचा जिसे रोककर नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम सलात मोहम्मद पिता सलिमूददीन जाति मुसलमान उम्र 54 वर्ष सा. नारायणपुर मांझापारा थाना रामानुजनगर जिला सुरजपूर छ.ग. का बताया। आरोपी सलात मोहम्मद के मोटरसाइकिल पैसन प्रो सीजी 15 सीजे 6420 की तलाशी लेने पर डिक्की के अंदर रखा दो पैकेट खाकी रंग के टेप से लपेटा हुआ मादक पदार्थ गांजा मिला। बरामद गांजा का कुल वजन 2 किलो कीमत लगभग 20000 रूपये एवं मोटरसाइकिल सीजी 15- 6420 को जप्त कर आरोपी सलात मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी विजय सिंह, सउनि राम बाबू दोहरे, आरक्षक सुरेश तिग्गा, विनोद सिंह, अनिल यादव, धनंजय, सैनिक प्रमोद साहू की सराहनीय भूमिका रही।

# मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए साढ़े 8 लाख रूपए का अनुदान।

### आस्था के प्रति मुख्यमंत्री और विधायक कमरो के समर्पण की क्षेत्रवासियों ने की सराहना।



**कोरिया।** सविप्रा उपाध्यक्ष भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो की पहल पर राज्य सरकार ने भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध व प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार कार्य हेतु साढ़े 8 लाख रूपए का अनुदान आवंटित किया है। धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग द्वारा अनुदान आवंटन से संबंधित आदेश जारी कर दिए गए हैं। स्वीकृत राशि से ग्राम पंचायत ओदारी स्थित महामाया मंदिर, ग्राम पंचायत कुशहा के सीता कुण्ड एवं पोड़ी स्थित केतकीझरिया मंदिर के जीर्णोर्द्धार हेतु पृथक-पृथक डेढ़-डेढ़ लाख रूपए तथा ग्राम पंचायत कटगोड़ी में यात्री प्रतीक्षालय के पीछे स्थित शिव मंदिर एवं ग्राम पंचायत घुघरा के ग्राम देवता मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु 2-2 लाख कुल साढ़े 8 लाख रूपए का अनुदान आवंटितकिया गया है। विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि मंदिर हमारे प्राचीन धरोहर हैं। हमारे ग्राम देवालय एवं प्राचीन मंदिरों के मरम्मत हेतु पूर्व सरकार ने कभी कोई पहल नहीं की, लेकिन भरतपुर-सोनहत केअधिकांश प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए अब तक 50 लाख से अधिक की राशि संपूर्ण प्रदेश के विकास के लिए कृतसंकल्पित भूपेश सरकार के द्वारा उपलब्ध कराई जा चुकी है, जो आस्था के प्रति प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता को प्रगट करती है। वहीं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के साथ ही धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण में विधायक कमरो के समर्पण की क्षेत्रवासियों ने तहेदिल से सराहना की है।

### पोषण पुनर्वास केंद्रों में खिल रहा बचपन,

# जिले के सभी एनआरसी में पहुंचे 54 गंभीर कुपोषित बच्चे, बेड ओक्यूपेंसी औसत दर 61.70 से बढ़कर हुई शत-प्रतिशत



- बच्चों को एनआरसी लाने कलेक्टर की रोस्टर रणनीति सफल, रोस्टर के अनुसार निरंतरता बनाये रखने कलेक्टर के सख्त निर्देश
- बच्चों को पोषण आहार के साथ मनोरंजन के लिए खेल-कूद की सुविधाएं और लुभावने कार्टून चित्र भी मौजूद।

**कोरिया।** कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में पोषण पुनर्वास केंद्रों की बड़ी भूमिका है। पोषण पुनर्वास केंद्रों के माध्यम से कुपोषित बच्चों के जीवन में सेहत की बहार लाने की कोशिश की जा रही है। जनवरी 2022 में आयोजित वजन त्योहार में 603 बच्चों को गंभीर कुपोषित श्रेणी में चिन्हांकित किया गया है। इन बच्चों को नजदीकी पोषण पुनर्वास केंद्रों में रखा जाएगा जहां उनके वर्तमान कुपोषण की स्थिति को मद्देनजर रखते हुए पोषण सुविधाएं और बच्चों की माताओं या अन्य देखभाल करने वालों को बच्चो के समग्र विकास हेतु आवश्यक देखभाल तथा खानपान संबंधित कौशल का प्रशिक्षण दिया जाता है। कलेक्टर श्री शर्मा की रोस्टर रणनीति सफल, जिले में एनआरसी में कुल 50 बेड उपलब्ध, शतप्रतिशत बेड ओक्यूपेंसी पूर्ण कोरिया जिले में 5 पोषण पुनर्वास केंद्र हैं। जिनमे कुल 50 बेड उपलब्ध हैं। बेहतर पोषण और स्वास्थ्य की सौगात के लिए जिले में बच्चों को पोषणपुनर्वास केंद्रों में लाने के लिए कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा के पहल पर इस दिशा में नई रणनीति तैयार की गयी जिसका परिणाम है कि वर्तमान में शतप्रतिशत बेड ओक्यूपेंसी के साथ कुल 54 बच्चे एनआरसी में हैं। बच्चों को एनआरसी लाने के लिए रोस्टर तैयार किया गया है। जिसके अनुसार माताओं और बच्चों को लाया जा रहा है। यहां बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने देख रेख के साथ पोषण आहार दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने पूर्व में स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ बैठक कर पोषण पुनर्वास केंद्रों की स्थिति पर चर्चा की थी जहां संतोषजनक स्थिति ना देखते हुए शतप्रतिशत क्षमता का प्रयोग करते हुए मार्च 2022 तक सभी गंभीर कुपोषित बच्चों को पुनर्वास केन्द्रों में रखा जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। वर्तमान में कुल उपलब्ध बेड पर शतप्रतिशत उपस्थिति है। कलेक्टर श्री शर्मा ने रोस्टर के अनुसार बच्चों को लाने की प्रक्रिया को निरंतर बनाये रखने के सख्त निर्देश भी दिए हैं। पोषण पुनर्वास केंद्रों की वर्तमान स्थिति, बेड ओक्यूपेंसी औसत दर 61.70 से बढ़कर शतप्रतिशत अप्रैल 2021 से जनवरी 2022 तक जिले में बेड ओक्यूपेंसी की औसत दर 61.70 प्रतिशत थी। नई रणनीति के तहत वर्तमान में यह 100: प्रतिशत से भी ज्यादा है। पोषण पुनर्वास केंद्र जिला चिकित्सालय में वर्तमान में 09 बच्चे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खड़गवां में 13 बच्चे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जनकपुर में 18 बच्चे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनेन्द्रगढ़ में 07 और सोनहत में 07 बच्चे हैं। केंद्रों में बच्चों के पोषण ही नहीं, उनके मनोरंजन के लिए खेल-कूद की सुविधाएं और लुभावने कार्टून चित्र भी मौजूद हैं।

### पोषण पुनर्वास केंद्र के बारे में....

*पोषण पुनर्वास केंद्र सुविधा आधारित इकाई है जहां 5 वर्ष से कम व गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को चिकित्सकिय व पोषण सुविधाएं प्रदान की जाती है। इसके अलावा बच्चो के माताओं या अन्य देखभाल करने वालों को बच्चो के समग्र विकास हेतु आवश्यक देखभाल तथा खानपान संबंधित कौशल का प्रशिक्षण दिया जाता है। पोषण पुनर्वास केंद्र के स्टाफ-मेडिकल ऑफिसर, स्टाफ नर्स, फीडिंग को नैदानिक व चिकित्सकीय प्रोटोकॉल में प्रशिक्षण प्रदाय किया जाता है। पोषण पुनर्वास केंद्र से डिस्चार्ज उपरांत बच्चे का चार बार फ़ॉलोअप लिया जाता है। विशेष चिकित्सा सुविधा, खानपान के माध्यम से 15 दिन तक बच्चों को भर्ती कर उपचार दिया जाता है। निश्शुल्क जांच, इलाज व खान-पान के साथ बच्चों को सुपोषित करने माताओं को भी प्रशिक्षण दिया जाता है। डिस्चार्ज के बाद माताओं को 2250 रुपये की सहायता भी दी जाती है।*




# जनचौपाल शुरू, आज मिले 38 आवेदन: स्टाम्प टिकट लगे आवेदनों पर कलेक्टर ने जताई कड़ी नाराज़गी, आमजन साधरण ए-4 साइज कागज़ पर दें आवेदन

**कोरिया।** कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा ने आज मंथन सभाकक्ष में आयोजित जनचौपाल में आम जनता के आवेदन प्राप्त किये और उनकी समस्याओं से अवगत हुए। कलेक्टर जनचौपाल में आज 38 आवेदन प्राप्त हुए। कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर जनचौपाल स्थगित किया गया था जिसे पुनः प्रारम्भ कर दिया गया है। आम जन द्वारा प्रस्तुत आवेदनों को प्राप्त करते समय स्टाम्प टिकट लगे आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर श्री शर्मा ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने आवेदक से इसके संबंध में जानकारी ली, तो बताया गया कि आवेदन लिखने के लिए स्टाम्प टिकट के साथ अतिरिक्त शुल्क भी लिया गया है। कलेक्टर के संज्ञान में आते ही उन्होंने ग्रामीण जन से साधारण ए-4 साइज कागज पर आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने त्वरित निर्णय लेते हुए समय सीमा प्रभारी संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंकिता सोम को निर्देश दिए कि मंगलवार को कलेक्टर जनचौपाल में दो कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए, जो आवेदन लिखने में असमर्थ आम जन की आवेदन लिखने में मदद करें। कलेक्टर श्री शर्मा ने जनचौपाल में प्राप्त आवेदनों पर चर्चा करते हुए कहा कि राजस्व एवं वन विभाग से संबंधित प्रकरणों से जुड़े आवेदन लेकर आम जन पहुंच रहे हैं। राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारी इस पर विशेष ध्यान दें कि अनुभाग स्तर पर जनता की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित हो, जिससे लोगों को जिला मुख्यालय तक आने की असुविधा ना उठानी पड़े।

987 जाति प्रमाण पत्र के प्रकरण लंबित, कलेक्टर ने शीघ्र निराकरण कर स्थायी जाति प्रमाण पत्र जारी करने के दिये निर्देश

# विद्युत विभाग के सभी जेई के नाम और मोबाइल नंबर का उल्लेख संबंधित कार्यक्षेत्र के ग्राम पंचायत कार्यालय में करें - कलेक्टर

**कोरिया।** कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा ने साप्ताहिक समयसीमा की बैठक में जिले में विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए कार्यपालन अभियंता सीएसईबी को सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस दिशा में पहल करते हुए सभी 7 जूनियर इंजीनियर के मोबाइल नंबर संबंधित कार्यक्षेत्र के ग्राम पंचायतों में लिखवाने और लोगों तक जानकारी देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी एसडीएम एवं सीईओ जनपद पंचायत को उनके क्षेत्र अंतर्गत ट्रांसफार्मर की स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा और ये भी जानकारी देंगे कि लोगों ने विभाग को संपर्क किया और विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही की भी जानकारी प्रस्तुत करेंगे। राजस्व विभाग को कार्यशैली सुधारने के निर्देश, हर सप्ताह कलेक्टर करेंगे प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा, जो होगा परफॉर्मेंस का आधार कलेक्टर श्री शर्मा ने राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विगत दिनों में खड़गवां एसडीएम एवं तहसील कार्यालय में औचक निरीक्षण में मिली खामियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आम जन के प्रति संवेदनशीलता रखते हुए उनकी समस्याओं का समय पर निराकरण करें। आगामी 1 महीने के भीतर सभी तहसीलों का निरीक्षण किया जाएगा। अविवादित नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के प्रकरणों का लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित करें, अन्यथा संबंधित राजस्व अधिकारी पर पेनल्टी लगाई जाएगी। इसके साथ ही प्रकरणों को ऑनलाइन दर्ज करना भी सुनिश्चित करें। जिससे आसानी से मॉनिटरिंग की जा सके। अंडा वितरण, एल्बेंडाजोल और आयरन सिरप की खुराक से बच्चे होंगे सुपोषित, कलेक्टर ने सभी पंचायत नोडल को सुबह 11 से 12 बजे के बीच निरीक्षण के दिये निर्देश कलेक्टर श्री शर्मा ने सभी पंचायत नोडल अधिकारियों को सुबह 11 से 12 बजे के बीच आंगनबाड़ियों के निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। आंगनबाड़ियों में यह समय बच्चों को अंडा वितरण के लिए निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा संयुक्त प्रयास हो कि जिले में कुपोषण की दर कम हो और बच्चे सुपोषित की श्रेणी में आएं। उन्होंने अंडा वितरण के साथ आंगनबाड़ी में एल्बेंडाजोल और आयरन सिरप की खुराक बच्चों को देने के लिए सीएमएचओ और जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को आपसी समन्वय हेतु निर्देशित किया।



**987 जाति प्रमाण पत्र के प्रकरण लंबित, कलेक्टर ने शीघ्र निराकरण कर स्थायी जाति प्रमाण पत्र जारी करने के दिये निर्देश:** समयसीमा की बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने जाति प्रमाण पत्र अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में वर्तमान में 987 जाति प्रमाण पत्र के प्रकरण लंबित हैं। शीघ्र निराकरण कर संबंधित लोगों को स्थायी जाति प्रमाण पत्र जारी करें। उन्होंने सभी एसडीएम को प्रकरणों के निराकरण की सप्ताह वार जानकारी प्रस्तुत करेंगे। जिससे अभियान की मॉनिटरिंग की जा सके।

**शिक्षकों की उपस्थिति की जियो टैग फ़ोटो के जरिये संकुल स्तर पर मॉनिटरिंग शुरू, एप पर होंगी अपलोड:** शिक्षकों की स्कूलों में उपस्थिति की मॉनिटरिंग के लिए विगत समय सीमा में कलेक्टर श्री शर्मा ने निर्देश दिये जिसपर अमल करते हुए शिक्षा विभाग द्वारा संकुल स्तर पर निगरानी शुरू कर दी गयी है। शिक्षकों द्वारा स्कूल में उपस्थित होकर जियो टैग फ़ोटो ली जाती है और उसे संकुल स्तर पर भेज जाता है। जियो टैग फ़ोटो में समय, स्थान, अक्षांश और देशांतर का स्टीकर इनबिल्ट प्रदर्शित होता है, जो रियल टाइम जानकारी देता है। उपस्थिति दर्शाने वाली फ़ोटो को अपलोड करने के लिए एप तैयार किया जा रहा है। जिससे रिकॉर्ड रखा जा सके। वर्तमान में व्हाट्सएप के माध्यम से मॉनिटरिंग की जा रही है।

**सुबह 10 बजे से शासकीय कार्यालय संचालन के सख्त निर्देश:** शासन के निर्देशानुसार सुबह 10 बजे से शासकीय कार्यालय संचालित रहेंगे। कलेक्टर श्री शर्मा ने कार्यालयों में समय पर अधिकारियों की उपस्थिति ना होने पर नाराजगी जताते हुए सभी एसडीएम को अपने अनुभाग में रैंडम निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। जिला कलेक्टोरेट परिसर में स्थित कार्यालयों के निरीक्षण के लिए कलेक्टर ने अपर कलेक्टर श्री सुखनाथ अहिरवार को दायित्व सौंपा है। उन्होंने कहा कि आधे घण्टे देर होने पर आधे दिवस का वेतन काटा जाए। इससे देर होने पर 1 दिवस का वेतन या लीव विदाउट पे निर्धारित किया जाएगा। बैठक में जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि 15 फरवरी तक पूरे जिले में स्थित स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्रों और आश्रम-छात्रावासों में रनिंग वाटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी सीईओ जनपद पंचायत समय सीमा का ध्यान रखते हुए लक्ष्य को पूरा करना सुनिश्चित करेंगे। इसी तरह बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए जिला स्तर पर संचालित मिशन 40 डे की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी एसडीएम को अपने अनुभागों में मिशन की समीक्षा एवं निगरानी करने के निर्देश दिए।

**बिना पूर्व सूचना के समय सीमा की बैठक से अनुपस्थित अधिकारियों पर कार्यवाही:** कलेक्टर ने साप्ताहिक समयसीमा की बैठक से बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर खेल अधिकारी की आगामी आदेश तक वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसी तरह लगातर समयसीमा की बैठक से अनुपस्थित सीईओ जनपद मनेन्द्रगढ़ की भी आगामी आदेश तक वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसी तरह कलेक्टर ने धान खरीदी की अंतिम रिपोर्ट, मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के प्रवास के दौरान की गई घोषणाओं पर जिले की कार्यवाही, मोबाइल मेडिकल यूनिट और धन्वंतरि मेडिकल स्टोर के संचालन, गोधन न्याय योजना, कोविड से मृत व्यक्तियों के परिजनों को अनुदान सहायता राशि मिलने, पीएम किसान सम्मान निधि पर चर्चा कर संबंधित विभागों से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री कुणाल दुदावत, अपर कलेक्टर श्री सुखनाथ अहिरवार, संयुक्त कलेक्टर द्वय, सभी एसडीएम एवं सीईओ जनपद पंचायत तथा जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## धान खरीदी के अंतिम दिन उपार्जन केंद्रों में किसानों को शाल, श्रीफल और पौधे भेंट कर कलेक्टर श्री शर्मा के मार्गदर्शन में प्रशासनिक टीम ने किया सम्मानित



**कोरिया।** धान खरीदी के अंतिम दिन कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा के निर्देश एवं मार्गदर्शन पर जिले में प्रशासनिक टीम ने अलग-अलग उपार्जन केंद्रों में पहुंचकर किसानों को सम्मानित किया। पटना एवं गिरिजापुर धान खरीदी केंद्र में जिला पंचायत सीईओ श्री कुणाल दुदावत ने धान विक्रय करने पहुंचे किसानों को शुभकामनाएं देते हुए शाल, श्रीफल एवं पौधा भेंट करते हुए सम्मानित किया। उन्होंने किसानों से चर्चा करते हुए भुगतान राशि की जानकारी ली। खरीदी केन्द्रों की अच्छी व्यवस्था और समयसीमा में राशि भुगतान पर किसानों ने बताए अनुभव किसानों ने बताया कि समय पर राशि का भुगतान बैंक खाते में मिल रहा है। गिरिजापुर धान खरीदी केंद्र पहुंचे ग्राम आंजोकला के किसान श्री सुदर्शन प्रसाद साहू ने बताया कि धान खरीदी केंद्र में अच्छी व्यवस्था है, शासन प्रशासन के सहयोग से किसी प्रकार की समस्या नही हुई। वहीं किसान रामकुमार ने धान खरीदी व्यवस्था पर संतुष्टि जाहिर करते हुए बताया कि मैंने यहां दो किस्तों में धान बेचा है जिसमें प्रथम क़िस्त का भुगतान मुझे समय पर मिल गया है। श्री दुदावत ने खरीदी केंद्र पहुंचे किसान विजेंद्र से चर्चा करते हुए किसान क्रेडिट कार्ड की जानकारी दी एवं अन्य किसानों के भी दस्तावेजों का अवलोकन किया। जामपारा में अपर कलेक्टर एवं एसडीएम बैकुंठपुर ने किसानों का सम्मान करते हुए पौधे किये भेंट जामपारा धान खरीदी केंद्र में अपर कलेक्टर श्री सुखनाथ अहिरवार और एसडीएम बैकुंठपुर श्री ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर ने धान बेचने आये किसानों को फूलमाला पहनाकर एवं पौधे भेंटकर सम्मानित किया। विकासखण्ड खड़गवां में एसडीएम बीएस मरकाम द्वारा धान उपार्जन केन्द्र बरदर में किसान श्री ओंकार पाण्डेय को धान खरीदी के अंतिम दिन काजू का पौधा भेंटकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि 07 फरवरी को अंतिम दिन में धान बेचने के लिए 249 किसानों ने टोकन लिया है। 10 हज़ार 622 क्विंटल धान बेचने के लिए किसानों द्वारा टोकन लिया गया है। जिले में 6 फरवरी तक 13 लाख 97 हज़ार 701 क्विंटल धान बेचा गया है। जिसमें से 53.75 प्रतिशत धान का उठाव पूर्ण कर लिया गया है।

### पंचायत नोडल अधिकारियों में भी किया धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

ग्रामपंचायत के नोडल जिला स्तरीय अधिकारियों ने भी धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया एवं किसानों से बात कर उनके अनुभव जाने। मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत नागपुर धान उपार्जन केंद्र में नायब तहसीलदार श्री विभोर यादव और बैकुंठपुर के तरगवां समिति में नायब तहसीलदार श्री भीष्म पटेल ने अंतिम दिन धान बिक्री करने आए किसानों को शाल, श्रीफल और पौधा भेंट किया।

### जिले के 41 धान उपार्जन केंद्रों में राजस्व अधिकारी भौतिक सत्यापन कर सौंपेंगे रिपोर्ट

कलेक्टर श्री शर्मा के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में जिले के 41 धान उपार्जन केंद्रों में राजस्व विभाग के अधिकारियों की सत्यापनकर्ता अधिकारियों के रूप में दायित्व सौंपा गया है। सभी सत्यापनकर्ता अधिकारी अपने उपार्जन केन्द्र में उपस्थित रहकर धान खरीदी के अंतिम दिन खरीदी केन्द्रों में जाकर उपार्जित समस्त धान के तौल एवं एण्ट्री सुनिश्चित करवाएंगे। धान उपार्जन के अंतिम दिन किसानों द्वारा लाये गये धान का तौल व उसकी कम्प्यूटर एण्ट्री रात्रि 12 बजे के पूर्व सुनिश्चित करेगें। इसके पश्चात साफ्टवेयर लॉक हो जायेगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि सत्यापनकर्ता अधिकारी धान खरीदी में कुल बेचने वाले कृषकों की संख्या एवं धान खरीदी की मात्रा की जानकारी नामांकित अधिकारी द्वारा उसी दिन देगें, धान खरीदी केन्द्र में धान सुनिश्चित भंडारण कराया गया है तथा तारपोलिन व कैप कव्हर लगाकर सुरक्षित रखा जाना सुनिश्चित करेगें। सत्यापनकर्ता अधिकारी उसी दिन निर्धारित प्रारूप में उपार्जन केन्द्र स्तरीय सहायक नोडल अधिकारी द्वारा भरा जाकर सत्यापित करने के उपरांत अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेगें।

## महाविद्यालय राजनगर में युवा संसद मंचन का आयोजन किया गया

**अनूपपुर/राजनगर।** अनूपपुर जिले के अंतिम छोर राजनगर में शासकीय महाविद्यालय राजनगर मे शुक्रवार को युवा संसद मंचन का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमे सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। युवा संसद के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ.जे.के संत प्रोफ़ेसर तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर थे। जिन्होंने छात्र/छात्राओं को संसद की गतिविधियों तथा निर्वाचन प्रणाली के बारे में समझाया,और छात्र जीवन से ही अपने राजनीतिक कौशल के विकास की प्रेरणा दी। तथा उनके द्वारा यह भी बताया गया की इस महाविद्यालय राजनगर में कई तरह के समस्याएं तो है, फिर भी यहां के छात्र /छात्राओं ने व स्टाफ के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा समस्याओं को पार करते हुए यहां पर जो प्रस्तुति दी गई है। वह काबिले तारीफ है।और मैं आशा करता हूं, यहां के छात्र-छात्राएं आगे चलकर महाविद्यालय राजनगर का नाम रोशन करेंग। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ.सुनील भोंसले प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय बिजुरी ने छात्र छात्राओं को इस तरह के कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए उत्साहित किया।विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित संतोष सक्सेना प्राचार्य शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनगर रहे।तथा



अतिथि के रूप में मीडिया से समर बहादुर सिंह पत्रकार नवभारत, विनय उपाध्याय बंसल न्यूज़ चैनल,अमित सेन गुप्ता लोकमंच न्यूज़ चैनल,पंकज कुमार शर्मा पत्रकार हरिभूमि अन्य सज्जन गण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में छात्र /छात्राओं ने संसद की कार्यवाही तथा प्रक्रिया का बेहतरीन रूप से प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे समस्त छात्र/ छात्राओं ने संसद के पक्ष और विपक्ष के मुख व्यक्तित्व की भूमिका अदा कर सदन की कार्यवाही का अनुभव प्राप्त किया। जिसमें राज्यपाल का आगमन और प्रमुख सचिव द्वारा निर्वाचित नए सदस्यों को शपथ ग्रहण कराना तथा संसद के कार्यकाल की प्रक्रिया बताई गई।

## मल्टी-यूटिलिटी सेंटर ने खोला स्वरोजगार का द्वार, महिलाओं ने अकुशल श्रम से व्यवसाय की ओर बढ़ाए कदम

**कोरिया।** स्वरोजगार के लिए अच्छा माहौल और उपयुक्त स्थान पाकर सुदूर कोरिया जिले के आदिवासी बहुल चिरमी गांव की महिलाओं ने अपना खुद का व्यवसाय शुरू किया है। मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) और डीएमएफ (जिला खनिज न्यास निधि) के अभिसरण से बने मल्टी-यूटिलिटी सेंटर में वहां की गंगा माई स्वसहायता समूह की 12 महिलाएं खुद का उद्यम स्थापित कर फेंसिंग पोल बनाने का काम कर रही हैं। खेतों और मनरेगा कार्यों में मजदूरी करने वाली इन महिलाओं को अकुशल श्रम से स्वरोजगार की ओर कदम बढ़ाते देखकर गांव की बांकी महिलाएं भी प्रेरित हो रही हैं। इनके काम शुरू करने के बाद से गांव में 12 स्वसहायता समूह गठित हो चुके हैं। मनरेगा और डीएमएफ के अभिसरण से 12 लाख 15 हजार रूपए की लागत से वर्क-शेड के रूप में तैयार मल्टी-यूटिलिटी सेंटर में चिरमी की गंगा माई स्वसहायता समूह की महिलाएं फेंसिंग पोल बनाकर खड़गंवा विकासखण्ड के



कई गांवों में आपूर्ति कर रही हैं। इनके द्वारा निर्मित 300 से अधिक पोल्स (च्वसमे) की बिक्री अब तक की जा चुकी है। ग्राम पंचायतें इनका उपयोग गौठान और ब्लॉक-प्लांटेशन की घेराबंदी में कर रही हैं। पोल्स की बिक्री से समूह को 80 हजार रूपए मिले हैं। इन महिलाओं को तीन लाख रूपए का वर्क-ऑर्डर मिला है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित इस समूह की महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन की उड़ान को देखकर गांव में 12 नए महिला स्वसहायता समूह गठित हो गए हैं।

## संपादकीय

## कनाड़ा के ट्रक चालक और भारत के किसान आंदोलन की समानता



कनाडा के ट्रक चालक और दिल्ली के किसान आंदोलन में काफी कुछ एक जैसा ही है। ये ट्रक चालक अपनेदृअपने ट्रक लेकर कनाडा की राजधानी ओटावा आए हैं। भारत में किसान अपने ट्रेक्टर लेकर दिल्ली पर चढ़ने के इरादे से आए थे। किसान भी लंबे समय रूकने के लिए खाने-पीने का सामान लेकर आए और एक साल रूके। ये ट्रक चालक भी रूकने की तैयारी के साथ आए हैं। कनाडा में पचास हजार के आसपास ट्रक चालकों ने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का निवास शनिवार को घेर लिया। वे अपने ट्रक साथ लिए हुए है। ये ट्रक चालक अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। नारे लगा रहे हैं। वाहनों के हॉंर्न बजा रहे हैं। ये लंबे समय के प्रवास के इरादे से खाने-पीने का सामान लेकर राजधानी आए हैं। हालत इतनी खराब है कि राजधानी ओटावा के चारों और सत्तर मील तक जाम लगा हुआ है। शहरवासी परेशान है। ट्रक चालकों ने अपने करीब 70 किमी लंबे काफिले को %फ्रीडम कान्वॉइ नाम दिया है। ट्रक वाले कनाडा के झंडे के साथ आजादी की मांग वाले झंडे लहरा रहे हैं। वे पीएम ट्रूडो के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। आंदोलन को हजारों अन्य प्रदर्शनकारियों का भी साथ मिल रहा है। सड़कों पर हजारों की संख्या में बड़े-बड़े ट्रकों की आवाजें लगातार सुनाई दे रही हैं। ये ड्राइवर ट्रकों के हॉर्न लगातार बजाकर सरकार का विरोध कर रहे हैं। वे संसद के पास पहुंच गए हैं।हालत इतनी खराब है कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और उनके परिवार ने भारी विरोध प्रदर्शन की वजह से देश की राजधानी स्थित अपने आवास को छोड़ दिया है। वे किसी गुप्त स्थान पर जाकर छिप गए हैं। ये ट्रक चालक कोरोना वैक्सीन जनादेश और अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रतिबंधों को समाप्त करने का विरोध कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह एक जगह पर ट्रकों का दुनिया का सबसे बड़ा जमावड़ा है। खबरें के मुताबिक पूरे कनाडा से करीब एक सप्?ताह की लंबी यात्रा करने के बाद ये विशालकाय ट्रक राजधानी ओटावा पहुंचे हैं। प्रदर्शन के आयोजकों ने जोर देकर कहा है कि यह आंदोलन शांतिपूर्ण होगा, पर इतनी भीड़ के सामने पुलिस लाचार नजर आ रही है। पुलिस ने कहा है कि वे इस संकट के लिए तैयार नहीं हैं। ट्रक चालकों में गुस्सा इस बात का भी है कि कुछ दिन पहले कनाडाई पीएम ने एक बयान में ट्रक वालों को महत्व नहीं रखने वाले अल्पसंख्यक करार दिया था। पीएम ट्रूडो ने कहा है कि ट्रक वाले विज्ञान के विरोधी हैं। वे न केवल खुद के लिए बल्कि कनाडा के अन्य लोगों के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। शहर में स्थिति गंभीर हो गई है। आलम यह है कि ओटावा जाने वाले रास्ते पर ट्रकों की 70 किमी तक लंबी कतार लग गई है जिसके कारण अन्य यात्रियों को भी आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# अपनी जुबान से हाथ को कमजोर कर रहे हैं कांग्रेस नेता राहुल गांधी

***राहुल गांधी या तो एकदम अपरिपक्व नेता हैं या फिर बड़े षड्यंत्रकारी जो सुनियोजित रूप से घातक व विकृत बयानबाजी कर रहे हैं। अब देश की जनता राहुल गांधी की बार-बार होने वाली गुप्त विदेश यात्राओं का सच जानना चाहती है, वह उनके भाषणों की पड़ताल करना चाहती है और उनकी सच्चाई जानकर उन्हें कड़ी सजा देने का भी मन बना रही है। राहुल जब भी सदन में बोलने खड़े होते हैं तो कोई न कोई विवाद पैदा करते हैं लेकिन इस बार का विवाद कुछ अधिक ही खतरनाक है और अब उन पर कड़ी कार्यवाही का समय आ गया है।***



कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने आप को बहुत चतुर व सक्रिय राजनीतिज्ञ दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। वह हर दिन अपने भाषणों और ट्वीट के माध्यम से अपना अदभुत ज्ञान देने का नया प्रयास करते हुए दिखाई पड़ते हैं। कांग्रेस पार्टी के सभी नेता जो केवल जी हुजूरी के बल पर अपनी राजनैतिक दुकान चला रहे हैं वह उनकी हां में हां ही मिलाते रहते हैं जिसके कारण आज कांग्रेस पूरे देशभर से साफ होने के लिए तत्पर हो गयी है। आने वाले समय में पंजाब कांग्रेस के हाथ से फिसल जायेगा और फिर उसके बाद जिन राज्यों में कांग्रेस की बची खुची सरकारें हैं वह भी चली जायेंगी, लेकिन राहुल गांधी हैं कि मानते नहीं। लगता है, राहुल कांग्रेस को पूरी तरह से डुबाकर ही मानेंगे।

राहुल गांधी या तो एकदम अपरिपक्व नेता हैं या फिर बड़े षड्यंत्रकारी जो सुनियोजित रूप से घातक व विकृत बयानबाजी कर रहे हैं। अब देश की जनता राहुल गांधी की बार-बार होने वाली गुप्त विदेश यात्राओं का सच जानना चाहती है, वह उनके भाषणों की पड़ताल करना चाहती है और उनकी सच्चाई जानकर उन्हें कड़ी सजा देने का भी मन बना रही है। राहुल जब भी सदन में बोलने खड़े होते हैं तो कोई न कोई विवाद पैदा करते हैं लेकिन इस बार का विवाद कुछ अधिक ही खतरनाक है और अब उन पर कड़ी कार्यवाही का समय आ गया है।

राहुल गांधी अब भारात को एक राष्ट्र भी नहीं मान रहे है। उनके कथनों से क्या देशवासी सहमत हो जायेंगे, संभवत- नहीं क्योकि लोग राहुल को एक मूर्ख नेता मान रहे हैं। संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में बहस चल रही है जिसमें कांग्रेस की ओर से बोलते राहुल गाँधी ने जो भाषण दिया है उससे पता चल रहा है कि वह कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी व कांग्रेस पार्टी के लिए एक गंभीर लाइलाज बीमारी हो गये हैं और जब-जब कांग्रेस उन्हें रीलांच करने का प्रयास करती है वह फिर से कांग्रेस को ही धड़ाम कर देते हैं। राहुल गांधी के भाषण से अब देश की जनता व प्रबुद्धवर्ग को केवल हंसी नहीं आती है बल्कि दुःख भी होता है दुख इसलिए होता है क्योकि उनके भाषणों को चीन और पाकिस्तान में बैठे भारत विरोधी शत्रुओं द्वारा पसंद किया जाता है और भारत के अंदर टुकड़े-टुकड़े गैंग व हम लेकर रहेंगे आजादी के नारे लगाने वाले लोगो को भी ये पसंद आता है। राहुल गांधी देश के नहीं लेकिन से टुकडे-टुकड़े गैंग के नायक अवश्य बन चुके हैं। राहुल के इस बार सदन के भाषण से स्पष्ट है कि वह भारत के प्रति एक विकृत नफरत से भरे हुए हैं जो केवल भारत को बर्बाद होता हुआ और विदेशी सोच का गुलाम बनता हुआ देखना चाहती है। राहुल गांधी का भाषण हल्के में नहीं लिया जा सकता अपितु अब समय आ गया है कि समय रहते हुए उनके खिलाफ संविधान के दायरे में कड़ी कार्यवाही की जाये। राहुल गांधी का संसद में दिया गया भाषण भारतीय संस्कृति, सभ्यता व पहचान के खिलाफ है। राहुल गांधी का भाषण संसदीय मर्यादाओं का भी घोर उल्लंघन है। राहुल गांधी ने सर्वोच्च अदालत व चुनाव आयोग का अपमान किया है और अपने भाषण में उन्होंने पेगासस का भी उल्लेख कर दिया वह भी तब जबकि सुप्रीम कोर्ट की की निगरानी में एक

> ■ *राहुल गांधी अब भारात को एक राष्ट्र भी नहीं मान रहे है। उनके कथनों से क्या देशवासी सहमत हो जायेंगे।*

कमेटी पूरे मामले की जांच कर रही है। राहुल गांधी का भाषण तब और अधिक गंभीर मामला बन जाता है जब वह यह कहते हैं कि मोदी सरकार की विदेश नीति की वजह से चीन और पाकिस्तान एक हो गये और फिर उसके बाद एक अमेरिकी राजनायिक को मैदान में उतरकर कहना पढ़ता है कि वह राहुल गांधी के बयान से कतई सहमत नहीं हो सकते। राहुल गांधी को विदेश नीति पर बोलने से पले अपनी ही पार्टी के बुजुर्ग नेताओं से सलाह लेकर बोलना चाहिए था क्योंकि पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह ने ही उनको करारा जवाब देते हुए कहाकि चीन और पाकिस्तान के बीच करीबी जवाहर लाल नेहरू के जमाने से है। इतना ही नहीं, नेहरू के समय ही देश की चीन नीति विफल हो गई थी। नटवर सिंह ने कहाकि उन्हें आश्चर्य है कि राहुल गांधी को सही तथ्यों से अवगत नहीं कराया गया। सदन में राहुल के ताज़ा बयान से यह एक बार फिर से स्पष्ट हो गया है कि क्यों राहुल गांधी जैसे लोग सत्ता से जितना दूर रहेंगे, देश के लिए उतना ही अच्छा रहेगा। राहुल गांधी सदन में चीन पाक दोस्ती पर ही नहीं अपितु देश के अंदर केद्र व राज्य सम्बंधों पर भी बोले वह तो और भी अधिक खतरनाक था। केंद्र व राज्यों पर संबंध के विषय में उनके विचार भारतीय संविधान की मूल आत्मा पर करारा प्रहार है उन्होंने संसद की गरिमा और अधिकारों को तार-तार कर दिया है। राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र राज्यों में हस्तक्षेप नहीं कर सकता और उन्होंने बहुत ही चालाकी के साथ उन सभी राज्यों का अपमान कर डाला है जहां पर कांग्रेस की सरकारे नहीं है। वह अपने भाषण में केरल, राजस्थान की विचारधारा को बहुत अच्छा बता रहे हैं। वह तमिलनाडु की विचारधारा को भी अच्छा बता रहे हैं और फिर पंजाब के किसानों की बहादुरी की प्रशंसा करते हैं। उनके विचार से केवल इन्हीं राज्यों में प्यार है, धर्म है और संस्कृति है। वह कहते है कि केंद्र इन राज्यों में हस्तक्षेप नहीं कर सकता अर्थात अपने कानूनों को नहीं लाद सकता। राहुल की नजर में भारत एक राष्ट्र नहीं अपितु कई राज्यों का एक समूह है और यही बयान बहुत ही आपत्तिजनक बयान है। राहुल गांधी के बयान के खिलाफ पूरे भारत में एक वैचारिक तूफान खड़ा होना चाहिए क्योंकि राहुल गांधी वास्तव में भारत की तुलना भूतपूर्व सोवियत संघ की तरह कर रहे हैं जो अपनी गलत वामपंथी नीतियों के कारण कई टुकड़ों में विभक्त हो गया।

# देश व समाज हित में बिना प्रलोभन मतदान जरूरी

भारत एक लोकतांत्रिक व्यवस्था को मानने वाला देश है, जिसकी सबसे बड़ी खूबी यह है कि देश का राजकाज चलाने के लिए खुद जनता ही चुनावों के माध्यम से अपने-अपने पसंदीदा राजनेताओं के पक्ष में बिना किसी जोर दबाव के पूर्ण स्वतंत्रता के साथ मतदान करके वोटों की ताकत के माध्यम से उनका चयन करती है, वोटों के माध्यम से जनता को मिली देश व प्रदेश का भाग्य विधाता तय करने की यही ताकत ही लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे बड़ी खूबी है। उस प्रक्रिया का निर्वहन करने के लिए आजकल देश में पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की प्रक्रिया चल रही है।

वैसे भी देखा जाये तो चुनावों का यह समय लोकतांत्रिक व्यवस्था को मानने वाले हमारे देश के लिए एक महापर्व के समान है, जिसके माध्यम से हम लोग अपना आज व अपने बच्चों का उज्ज्वल भविष्य तय करने के लिए किसी एक प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करके



उसका चयन करते हैं। लेकिन जिस तरह से धीरे-धीरे हम लोगों के रोजमर्रा के व्यवहार व आचरण में विभिन्न प्रकार की कुरीतियां आती जा रही हैं, उससे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था भी अछूती नहीं रही है। आज हालात यह हो गये हैं कि हमारे देश में चंद सत्तालोलुप नेताओं व विभिन्न प्रलोभन में अपना मत देने वाले चंद वोटरों की क्षणिक स्वार्थी सोच से देश में चुनावों के माध्यम से अच्छे लोगों के चयन की प्रक्रिया प्रभावित होती जा रही है। चंद लोगों की स्वार्थपूर्ण सोच का प्रभाव हमारे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर स्पष्ट रूप से नज़र आने लगा है, देश में चुनावों के समय कुछ क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के फ्री गिफ्ट, शराब, पैसा आदि के क्षणिक प्रलोभनों में आने के चलते, चंद लोगों के द्वारा मतदान करते समय देश व सभ्य समाज के लिए बेहद घातक भ्रष्टाचारी, अपराधियों व चरित्रहीन जैसे गलत लोगों तक का चयन कर लिया जाता है, जो देश व समाज हित में उचित नहीं है, यह स्थिति हमारे देश के ईमानदार नेताओं व मतदाताओं के हक को प्रलोभनों के दम पर चंद गलत लोगों के द्वारा बंधक बनाने का प्रयास है।

हालांकि देश के चंद राजनेताओं व चंद लोभी मतदाताओं के द्वारा उत्पन्न की जाने वाली यह स्थिति हमारे सभ्य समाज व देश की सबसे बड़ी ताकत लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एक बहुत बड़ा खतरा है, चंद दुस्साहसी राजनेता चुनाव आयोग द्वारा तय किये गये नियम कायदे कानूनों के दायरे को तोड़कर चंद मतदाताओं को गुपचुप तरीकों से विभिन्न प्रकार के फ्री के प्रलोभनों को देकर के चुनाव प्रणाली को प्रभावित करके भ्रष्ट व आपराधिक प्रवृत्ति के प्रत्याशियों को जितवाने का कार्य कर देते हैं। निष्पक्ष रूप से आकंलन करें तो आज स्थिति यह हो गयी है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को देश के चंद भ्रष्ट व अपराधी अपनी आकूत दौलत के बलबूते गिरवी बनाकर रखने का दुस्साहस कर रहे हैं।

# पांचों राज्यों में कौन मुख्यमंत्री कितना है धनवान?



पांच राज्यों में चुनावी तापमान गर्म होता जा रहा है। यूपी में किसान आंदोलन, लखीमपुर कांड के बाद से ही सियासी पारा लगातार चढ़ा हुआ है। वहीं नेताओं के गर्मी और चर्बी वाले बयानों ने इसकी तपिश को और बढ़ाने का काम किया है। वहीं पंजाब में भी सत्ताधारी कांग्रेस में उठापटक के दौर के बीच सीएम पद को लेकर स्थिति बीते दिनों राहुल गांधी की तरफ से साफ कर दी गई। यूपी से लेकर पंजाब, उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा की जनता के मन में क्या है। इसका पता तो 10 मार्च को वोटिंग के नतीजे के बाद ही पता चलेगा। लेकिन आज आपको बताते हैं कि जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, उन पांच राज्यों के मुख्यमंत्री के पास कितनी संपत्ति है। पहली बार विधानसभा का चुनाव लड़ने जा रहे 49 वर्षीय योगी ने खुद को अपने गुरु महंत अवैद्यनाथ का पुत्र बताया है। योगी ने अपने नामांकन पत्र के साथ दाखिल हलफनामें में अपने पास एक करोड़ 54 लाख 94 हजार 54 रुपए की संपत्ति मौजूद होने की जानकारी दी है और यह उनकी चल संपत्ति है। हलफनामें के अचल संपत्ति वाले कॉलम में उन्होंने लागू नहीं लिखा है। योगी ने देनदारियों वाले कॉलम में लागू नहीं का उल्लेख किया है। मुख्यमंत्री ने हलफनामे में बताया है कि उनके पास 20 ग्राम वजन के कुंडल हैं जिनकी कीमत खरीद के समय 49000 रुपये थी।

# स्कूल का निरीक्षण कर एसडीएम ने साफ-सफाई के निर्देश दिए



**बरेली।** नगर में एसडीएम प्रमोद गुर्जर ने बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में औचक निरीक्षण किया एवं स्कूल की साफ- सफाई की व्यवस्था को देखा। इसी दौरान छात्र एवं शिक्षक उपस्थिति रजिस्टर चेक किया। कक्षा 10 एवं 12 के छात्रों से प्रश्न किए। इस दौरान एसडीएम ने प्रत्येक कक्षा का निरीक्षण किया और शिक्षकों को समझाइश दी गई कि सभी कक्षाओं में हमेशा साफ-सफाई रहे। मैं कभी भी निरीक्षण के लिए आ सकता हूं। स्वच्छता सर्वेक्षण में स्कूलों को स्वच्छ रखने के लिए प्रतियोगिता चल रही है। मार्च में दिल्ली से टीम आएगी। इस अवसर पर एसडीएम गुर्जर के अलावा तहसीलदार संतोष बिटोलिया, सीएमओ पीके चावला सहित स्कूल के समस्त शिक्षक एवं स्वच्छता प्रभारी कृष्ण कुमार भार्गव उपस्थित रहे।

**सूखा- गीला कचरा अलग अलग रखें:** बरेली में स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 7 की बाल विहार पार्क में नगर परिषद द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के अंतर्गत आत्मनिर्भर वार्ड के तहत रहवासियों को गीला- सूखा कचरा अलग- अलग करने के लिए समझाइश दी गई। होम कंपोस्ट की विधि बताई गई। इस अवसर पर स्वच्छता प्रभारी कृष्ण कुमार भार्गव, आयुषी शर्मा, अनुराग सेन, हफीज खान, केके श्रीवास्तव, शिक्षक खिलान सिंह गुर्जर सहित मोहल्ला के रहवासी उपस्थित रहे।

## सांची नप में डीजल खरीदी में अनियमितता की जांच के आदेश

*सांची। स्वच्छता की बैठक लेने पहुंचे नप प्रशासक व एसडीएम के समक्ष फॉगिंग मशीन में डीजल खरीदने में अनियमितता का मामला सामने आया है। एसडीएम ने जांच कर कार्रवाई करने का आदेश सीएमओ को दिया है। इससे पहले यहा स्वच्छता अभियान में गड़बड़ी करने का मामला गरमाया था जिसकी जांच में दोषी पाई गईं तत्कालीन सीएमओ को निलंबित कर दिया गया था। इस नगर परिषद में एक बार फिर डीजल में गड़बड़ी करने का मामला सामने आया है। नगर परिषद में डीजल में गड़बड़ी की जानकारी एसडीएम एलके खरे ने सीएमओ से ली। तब बताया गया कि शाखा प्रभारी ने श्रमिकों के नाम डीजल की पर्ची बना कर गड़बड़ी की है।*

## चिरमिरी थाना प्रभारी और स्टाप के घेरा बन्दी से अवैध शराब की बिक्री करने वाले चढे पुलिस के हत्थे



**कोरिया।** पुलिस अधीक्षक महोदय प्रफुल्ल कुमार ठाकुर के द्वारा क्षेत्र में चल रहा है अवैध शराब सट्टा जुआ एवं कबाड़ में कार्यवाही करने हेतु निर्देशित कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया था जिसके परिप्रेक्ष्य में थाना चिरमिरी में मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी पी.पी.सिह के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी निरीक्षक के.के शुक्ला द्वारा टीम गठित कर दिनांक 4/02/ 2022 को चिरमिरी क्षेत्र के अंतर्गत गोदरीपारा राजा क्लास के पास दो व्यक्तियों को अवैध शराब परिवहन की सूचना मिलने पर आरोपी किशुन राम एवं कृष्ण कुमार को घेरा बंदी कर पकड़ा गया जिनके कब्जे से 50 पाव अंग्रेजी बौंबे गोवा अंग्रेजी शराब एवं एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल सीजी 16 सी एन एन 0184 को जप्त किया गया है संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी चिरमिरी के. के .शुक्ला, ए.एस.आई जे डी मिंज प्रधानआरक्षक संदीप बागीस,आर. संतोष सिंह,संजय सिंह, अमित जैन ,चंद्र सेन सिंह ठाकुर की सराहनीय भूमिका रही ।







## पंचायत भवन की ताला तोड़कर कम्पीयूटर सीपीयू चोरी करने वाले को झगराखाड़ थाना प्रभारी पदुमन तिवारी की ताबड तोड कार्यवाही



**कोरिया।** पुलिस थाना झगराखाड़ में दिनांक 01जनवरी 2022 को प्रार्थी ग्राम पंचायत -छिपछिपी के सचिव श्री गुलाब राय लहरे पिता हीरालाल उम्र 55 वर्ष के द्वारा इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई गई,कि यह दिनांक-25से दिनांक-30-01-22 के बीच ग्राम पंचायत भवन का ताला तोड़कर कोई अज्ञात चोर शासकीय पंचायत का कम्प्यूटर सिस्टम, सीपीयू, की-बोर्ड,लीड एक अहूजा कम्पनी का एम्प्लीफायर कुल कीमती करीब ?35000/रुपऐ सामान चोरी कर ले गया है, प्रकरण के घटनाक्रम की जानकारी जिले के पुलिस अधीक्षक श्री प्रफुल्ल कुमार ठाकुर सर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह एवं एसडीओपी श्री राकेश कुर्रे सर को थाना प्रभारी प्रद्युमन तिवारी के द्वारा दी गई, पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा तत्काल प्रकरण दर्ज कर अज्ञात आरोपियों के पतासाजी कर चोरी की शासकीय संपत्ति बरामद करने के निर्देश दिऐ गऐ,निर्देशानुसार प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 457, 380 भादवि के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर प्रकरण विवेचना में लिया गया, विवेचना के दौरान पतासाजी कर आरोपी बृजभान सिंह गोंड पिता दलजीत सिंह गोंड उम्र 26 वर्ष निवासी-ग्राम छिपछिपी थाना झगराखाड़ से पूछताछ की गई,जिसने अपने साथी विजय सिंह उर्फ पथरा निवासी झगराखाड़ के साथ मिलकर पंचायत भवन का ताला तोड़कर पंचायत भवन में घुसकर चोरी करना स्वीकार करते हुऐ चोरी का सामान आरोपी बृजभान सिंह के मुताबिक मेमोरंडम कथन चोरी हुआ एक ए.सी.ई.आर.कम्पनी का कम्प्यूटर सिस्टम,सीपीयू,मोनीटर, की-बोर्ड,,एक अहूजा कम्पनी का एम्प्लीफायर,आरोपी के कब्जे से कुल कीमती ?35000/रुपऐ सामान बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया, प्रकरण में, आरोपी विजय सिंह उर्फ पथरा निवासी झगराखाड़ घटना घटित कर फरार है,जिसकी तलाश पता साजी की जा रही है, आरोपी को न्यायालय पेश किया जाने पर माननीय न्यायालय के द्वारा आरोपियों का जेल वारंट जारी होने पर उप- जेल मनेद्रगढ़ दाखिल कराया गया, इस कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक- जगदेव कुशवाहा,प्रधान आरक्षक दिनेश तिवारी,आरक्षक रामायण सिंह, आरक्षक नीरज पडियार, की अहम भूमिका रही ..।















# थाई-स्लिट ड्रेस में कृति सेनन का सिजलिंग अवतार, बोल्ड लुक में दिए किलर पोज

एक्ट्रेस कृति सेनन अपनी एक्टिंग को लेकर तो पसंद की ही जाती हैं। इसके अलावा उनका स्टाइलिश अंदाज भी फैंस को खूब पसंद आता है। एक्ट्रेस कृति सेनन उन अभिनेत्रियों में से हैं जो अपने बिंदास अंदाज के लिए जानी जाती हैं। कृति ट्रेडिशनल और वेस्टर्न दोनों तरह के आउटफिट में कमाल लगती हैं। कृति सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और फैंस के साथ अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। कृति ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी कुछ लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका लुक फैंस का दिल लूट रहा है। कृति का ये सिजलिंग अवतार फैंस को खूब पसंद आ रहा है।





### फैंस ने बांधे तारीफों के पुल-

कृति सेनन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें वह व्हाइट कलर की थाई-स्लिट ड्रेस में किलर पोज देती नजर आ रही हैं। कृति ने गले में नेकलेस और छोटे इयरिंग्स के साथ अपने लुक को कंप्लीट किया है और बालों को खुला रखा है। उनकी इन तस्वीरों के देखने के बाद फैंस जमकर तारीफों को पुल बांध रहे हैं और एक के बाद एक दिल वाली इमोजी पोस्ट कर रहे हैं।

### फिल्म गणपत में नजर आएंगी कृति सेनन-

अगर बात करें कृति के वर्क फ्रंट की तो कृति सेनन फिल्म गणपत में नजर आने वाली हैं। ये एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी। गणपत में कृति के अपोजिट एक्टर टाइगर श्रॉफ नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन विकास बहल द्वारा किया जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फिल्म 23 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

### मुस्कुराती हुआ बेहद खूबसूरत लगीं कृति सेनन-

इस तस्वीर में कृति सेनन के चेहरे पर बड़ी सी स्माइल उनको और भी ज्यादा खूबसूरत बना रही है। अपनी इस तस्वीर को शेयर करते हुए कृति ने लिखा, जस्ट हैप्पी मी।

# 'मैंने पायल है छनकाई' लिखने वाली माया गोविंद की हालत काफी गंभीर

हिंदी सिनेमा की लोकप्रिय गीतकार माया गोविंद की हालत इन दिनों काफी नाजुक है। फिल्म 'दलाल' के गाने 'गुटुर गुटुर' को लेकर अरसे तक कवि सम्मेलनों और मुशायरों में शुद्धतावादियों के निशाने पर रहीं माया गोविंद की उम्र इस समय 82 साल है और उनके बेटे अजय उनकी दिन रात सेवा कर रहे हैं। हफ्ते भर तक अस्पताल में चले इलाज के बाद माया गोविंद को उनके बेटे घर ले आए हैं। अजय के मुताबिक, माया गोविंद के तमाम अंगों ने काम करना बंद कर दिया है। लखनऊ में जन्म लेने वाली माया गोविंद को कथक में महारत हासिल रही है। बतौर अभिनेत्री भी उन्होंने परदे पर और रंगमंच पर अपना नाम बनाया और तमाम पुरस्कार भी जीते। प्रसिद्ध अभिनेत्री और नृत्यांगना हेमा मालिनी का डांस बैले 'मीरा' उन्हीं का लिखा हुआ है। लखनऊ में 17 जनवरी 1940 को जन्मी माया गोविंद ने स्नातक की शिक्षा के बाद बीएड किया। घर वाले चाहते थे कि वह शिक्षक बनें लेकिन उनकी रुचि अभिनय व रंगमंच में अधिक रही। शंभू महाराज की शिष्य रहीं माया ने कथक का खूब अभ्यास किया। साथ ही लखनऊ के भातखंडे संगीत विद्यापीठ से गायन का चार साल का कोर्स भी किया। ऑल इंडिया रेडियो की वह ए श्रेणी की कलाकार रही हैं। साल 1970 में संगीत नाटक अकादमी लखनऊ ने उन्हें विजय तेंदुलकर के नाटक के हिंदी रूपातरण 'खामोश! अदालत जारी है' में सर्वश्रेष्ठ अभिनय का पुरस्कार दिया। बाद में वह दिल्ली में हुए ऑल इंडिया ड्रामा कंपटीशन में भी प्रथम आईं। फिल्म 'तोहफा मोहब्बत का' में भी उन्होंने अभिनय किया है।




# किस्सा : अपनी ही शादी में देरी से पहुंचे थे शत्रुघ्न सिन्हा, कभी नहीं की किसी फिल्म की शूटिंग कैंसिल

क्या आप जानते हैं कि दिग्गज अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा अपनी ही शादी में देरी से पहुंचे थे? इस बात का खुलासा उन्होंने खुद किया था। शत्रुघ्न सिन्हा को उनकी एक्टिंग के लिए ही नहीं, बल्कि लेट-लतीफी के लिए भी जाना जाता है। इसके बावजूद भी उन्होंने कभी कोई फिल्म की शूटिंग कैंसिल नहीं की। शत्रुघ्न सिन्हा 70 और 80 के दशक में अपने अभिनय की बदौलत दर्शकों के दिलों पर राज करते थे। लेकिन, वह समय के बिल्कुल भी पाबंद नहीं थे। उन्होंने खुद खुलासा किया कि वो अपनी शादी में भी 3 घंटे देरी से पहुंचे थे। उन्होंने कहा, मैं वक्त का बिल्कुल भी पाबंद नहीं था। अक्सर सेट पर भी देरी से पहुंचता था। यह मेरी आदत हो गई थी। मैं अपनी शादी में भी 3 घंटे लेट पहुंचा था। 1980 में शत्रुघ्न सिन्हा ने अभिनेत्री पूनम चंदीरमानी से शादी की थी। शत्रुघ्न सिन्हा और पूनम ने एक-दूसरे को 5 साल तक डेट किया था। इसके बाद दोनों ही शादी के बंधन में बंध गये थे। सिन्हा ने कहा कि वह फिल्म की शूटिंग के दौरान सेट पर भी बहुत देर से पहुंचते थे। उन्होंने कहा, सेट पर लेट पहुंचने के बाद भी मैं समय पर काम पूरा करने के लिए जाना जाता था। देर से जाने के बाद भी मैं वक्त से पहले अपना काम पूरा कर लेता था। शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा, मैंने कभी किसी को तंग नहीं किया। नखरे भी नहीं दिखाये।



# सारा अली खान ने मां अमृता सिंह को दी जन्मदिन की बधाई





बॉलीवुड अभिनेत्री अमृता सिंह आज अपना 63वां जन्मदिन मना रही हैं। अमृता ने बॉलीवुड इंडस्ट्री को कई हिट फिल्में दी हैं, जिस वजह से वह आज भी फैंस के दिलों पर राज करती हैं। ऐसे में फैंस सोशल मीडिया के जरिए अभिनेत्री को जन्मदिन की बधाई दे रहे हैं। दूसरी तरफ सेलेब्स भी अमृता को बर्थडे विश कर रहे हैं। इसी कड़ी में अमृता सिंह की लाडली बेटी और अभिनेत्री सारा अली खान ने भी अपनी मां को जन्मदिन की बधाई दी है। सारा ने सोशल मीडिया पर खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं। इसके साथ एक्ट्रेस ने एक प्यारा नोट भी लिखा है, जिसमें उन्होंने अपनी मां के लिए प्यार जाहिर किया है। सारा अली खान को अपनी मां अमृता सिंह की कार्बन कॉपी कहा जाता है। ऐसे में एक्ट्रेस ने अपनी मां अमृता के जन्मदिन के मौके पर इंस्टाग्राम पर कई सारी तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह अपनी मां की तरह ही पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं। सभी तस्वीरें कोलाज में हैं, जिसमें एक तरफ सारा अली खान की तस्वीर लगी है और दूसरी ओर अमृता सिंह की फोटो लगी है। इन सभी तस्वीरों में सारा अपनी मां की तरफ ही दिख रही हैं। सारा अली खान ने इन तस्वीरों के साथ एक प्यारा सा कैप्शन भी दिया है, जिसमें उन्होंने अपनी मां को जन्मदिन की बधाई दी है। सारा ने लिखा, 'हैप्पी हैप्पी हैप्पी बर्थडे मम्मी। मुझे हमेशा आईना दिखाने के लिए धन्यवाद, लेकिन फिर भी मुझे प्रेरित करती रहे। मैं आपको हमेशा खुश और गौरवान्वित करने के लिए अपनी पूरी कोशिश करने का वादा करती हूं और मैं हर रोज आपके द्वारा दी गई ताकत, सुंदरता, अनुग्रह और प्रतिभा के एक भाग को आत्मसात करने का प्रयास करूंगी।'



# मनोज तिवारी की कंगना को सलाह और जल्द मां बनेंगी देबिना बनर्जी





कंगना रणौत अपने बेबाक बयानों के लिए जानी जाती हैं। अपने बयानों की वजह से वे कई बार मुश्किलों में भी फंस चुकी हैं। बीते साल उनपर करीब 100 से ज्यादा एफआईआर दर्ज हुए लेकिन कंगना अपने विचार रखे बिना पीछे नहीं हटती हैं। कंगना की इसी बेबाकी पर भाजपा नेता और गायक मनोज तिवारी ने अपनी राय रखी है। उन्होंने कंगना को नसीहत दी और उनके व्यवहार को गलत बताया। मनोज तिवारी कहते हैं, एक कलाकार के तौर पर भाषा की मर्यादा होनी चाहिए। एक कलाकार का अपना धर्म होता है। अगर राजनीति में आ जाएं तो बात अलग है।अपने विचारों को इतना बेबाक नहीं रखना चाहिए कि सीधे किसी पर वार करे। गुरमीत चौधरी और देबिना बनर्जी टेलीविजन उद्योग के सबसे प्यारे जोड़ों में से एक हैं। ये दोनों हमेशा कपल गोल्स सेट करते हैं और सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के साथ मस्ती भरी तस्वीरें शेयर करते रहते हैं। हालांकि इस बार सुर्खियां बटोरने का कारण भिन्न है। गुरमीत चौधरी ने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी एक और पत्नी देबिना बनर्जी की एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में देबिना अपना बेबी बंप फ्लांट करती नजर आ रही हैं। देबिना के प्रेग्नेंट होने की खबर सुनकर उनके प्रशंसक बेहद खुश हैं और फोटो पर कमेंट कर कपल को बधाई दे रहे हैं। गुरमीत ने फोटो साझा करते हुए लिखा- अब हम तीन होने जा रहे हैं, जल्द ही चौधरी जूनियर आने वाले हैं। हमें आपके आशीर्वाद की जरूरत है। टेलीविजन की मशहूर अदाकारा और बिग बॉस 15 का खिताब अपने नाम करने वालीं अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश इन दिनों चर्चा में हैं।



# शेयर बाजार: RBI के फैसले का बाजार ने किया स्वागत, सेंसेक्स में 450 पॉइंट्स की तेजी

*शेयर बाजार में भारी तेजी है। हालांकि सुबह इसमें गिरावट थी। पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दरों में कोई बदलाव नहीं किए जाने से सेंसेक्स में 450 अंकों की तेजी आ गई है। ऐसी उम्मीद थी कि इस बार रेट में बढ़ोत्तरी हो सकती है। इस वजह से बैंकिंग शेयर्स में जोरदार उछाल है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 58,859 पर कारोबार कर रहा है। पावरग्रिड और इंफोसिस के शेयर में ज्यादा तेजी है।*

## एशियन पेंट्स गिरावट में

गिरनेवाले शेयर्स में मारुति, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा हैं। ढ्ढष्ढ्ढष्ढ्ढ बैंक, टाइटन, अल्ट्राटेक, बजाज फाइनेंस और ।ष्टरुटेक में भी गिरावट है। सेंसेक्स के 118 शेयर्स अपर और 191 लोअर सर्किट में हैं। इसका मतलब कि एक दिन में इनकी कीमत में एक तय सीमा से ज्यादा की न तो गिरावट हो सकती है और न ही बढ़त हो सकती है। लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 266.60 लाख करोड़ रुपए है। कल यह 267.85 लाख करोड़ रुपए था। उधर, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 121 पॉइंट्स की बढ़त के साथ 17,584 पर कारोबार कर रहा है।

## निफ्टी के इंडेक्स गिरावट में

इसके नेक्स्ट 50, मिडकैप, बैंकिंग और फाइनेंशियल इंडेक्स नीचे कारोबार कर रहे हैं। निफ्टी के 50 शेयर्स में से 30 बढ़त में और 19 गिरावट में हैं। गिरनेवाले प्रमुख शेयर्स में स्ढ्ढ लाइफ, इंडियन ऑयल, एशियन पेंट्स और कोल इंडिया है। बढ़ने वाले स्टॉक में पावरग्रिड, ह्लह्लष्ट, टाटा मोटर्स और टाटा स्टील हैं। इससे पहले बुधवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (क्चस्श्व) का सेंसेक्स 657 पॉइंट चढ़कर 58,465 पर जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 197 अंकों की बढ़त के साथ 17,463 पर बंद हुआ।

## 345 अंक ऊपर खुला था बाजार

आज सेंसेक्स 345 अंक ऊपर 58,900 पर खुला था। पहले घंटे में इसने इसी लेवल का ऊपरी और 58,567 का निचला स्तर बनाया। इसके 30 शेयर्स में से 15 बढ़त में और 15 गिरावट में हैं। बढ़ने वाले प्रमुख स्टॉक में टाटा स्टील, ह्रष्टरु, ।ष्टस्नष्ट बैंक, ।ष्टस्नष्ट, एक्सिस बैंक, ञ्जष्टस् और टेक महिंद्रा हैं। इनके अलावा विप्रो, डॉ. रेड्डी, नेस्ले, कोटक बैंक भी तेजी में हैं।

# रेडमी के दो फोन हुए लॉन्च:इसमें रेडमी नोट 11 और रेडमी नोट 11S स्मार्टफोन शामिल

**नई दिल्ली।** रेडमी नोट 11 और रेडमी नोट 11स् स्मार्टफोन को भारत में लॉन्च कर दिया गया है। दोनों ही फोन में काफी हद तक एक जैसे स्पेसिफिकेशंस मिलते हैं। फोन्स में 90 हर्ट्ज एमोलेड डिस्प्ले और क्वाड रियर कैमरा सेटअप मिलता है। इसके अलावा दोनों ही फोन 33 वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट और दो दिन तक चलने वाली बैटरी से लैस हैं। साथ ही इनमें ढ्ढक्क3 रेटिंग दी गई है। हालांकि रेडमी नोट 11 में क्वालकॉम स्नैपड्रैगन प्रोसेसर दिया गया है, जबकि रेडमी नोट



11S में मीडियाटेक हीलियो प्रोसेसर मिलता है। इन फोन में 5त्र सपोर्ट नहीं है। रेडमी नोट 11 स्मार्टफोन का मुकाबला रियलमी 9द्ब(14750 रुपए), इनफिनिक्स नोट 11S (13,999 रुपए) और मोटोरोला मोटो त्र51 (14,999 रुपए) जैसे फोन से होगी। जबकि रेडमी नोट 11S फोन का मुकाबला रियलमी नारजो 30 प्रो (17,999 रुपए), इनफिनिक्स नोट 10 प्रो और गैलेक्सी स्ू32 जैसे फोन से होगी।

## रेडमी नोट 11 की कीमत

रेडमी नोट 11 के 4GB रैम और 64GB स्टोरेज वैरिएंट की कीमत 13,499 रुपए है। वहीं फोन के 6GB रैम और 64त्वक्च स्टोरेज वैरिएंट की कीमत 14,499 रुपए और 6GB रैम और 128GB स्टोरेज वैरिएंट की कीमत 15,999 रुपए तय की गई है। फोन को हॉरिजोन ब्लू, स्पेस ब्लैक और स्टारबस्ट व्हाइट कलर ऑप्शन में मिलता है।

## रेडमी नोट 11S की कीमत

रेडमी नोट 11S के 6GB रैम और 64GB स्टोरेज वैरिएंट की कीमत 16,499 रुपए से शुरू होती है। फोन के 6GB रैम और 128त्वक्च स्टोरेज वैरिएंट की कीमत 17,499 रुपए है और 8GB रैम और 128GB स्टोरेज वैरिएंट 18,499 रुपए में मिलता है। फोन में हॉरिजन ब्लू, पोलर व्हाइट और स्पेस ब्लैक कलर ऑप्शन में मिलता है। रेडमी नोट 11 की सेल 11 फरवरी से शुरू होगी, जबकि रेडमी नोट 11S फोन की सेल 21 फरवरी से शुरू होने वाली है। दोनों ही फोन को आप अमेजन,ऑफलाइन स्टोर्स से खरीद सकते हैं। लॉन्च ऑफर के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा क्रेडिट व डेबिट कार्ड का इस्तेमाल करने पर दोनों फोन पर 1,000 रुपए की छूट मिलेगी। रेडमी नोट 11 फोन एन्ड्रॉयड 11 पर बेस्ड MIUI 13 पर काम करता है। इसमें 6.43 इंच का फुल-एचडी+ (1,080×2,400 पिक्सल) एमोलेड डॉट डिस्प्ले दिया गया है, जिसके साथ 90 हर्ट्ज़ रिफ्रेश रेट और 20ञ्९ आस्पेक्ट रेशियो मिलता है।

### हुंडई और किआ की गाड़ियों में आग का खतरा

# गाड़ी को घर के बाहर खड़ी करने को कहा, 5 लाख गाड़ियां वापस मंगवाई

**नई दिल्ली।** अगर आपके पास हुंडई और किआ की गाड़ियां हैं तो यह खबर आपके काम की हो सकती है। दक्षिण कोरिया की इन ऑटो कंपनियों ने अमेरिका में करीब 5 लाख कारों और एसयूवी मालिकों को इन्हें घर के बाहर पार्क करने की सलाह दी है। इन कारों में आग लगने का खतरा है। पार्किंग की स्थिति में भी इनमें आग लग सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक हुंडई और किआ अमेरिका में अपनी कई कारों और एसयूवी को वापस मंगा रही हैं। उनका कहना है कि इन गाड़ियों में कुछ तकनीकी खराबी की वजह से एंटी-लॉक ब्रेक कंप्यूटर कंट्रोल मॉड्यूल शॉर्ट सर्किट हो सकता है और इससे इंजन में आग लग सकती है। गाड़ी के खड़े रहने की स्थिति में भी ऐसा हो सकता है। यही वजह है कि इन कंपनियों में गाड़ियों को घर से बाहर पार्क करने को कहा है। रिकॉल में 2014-2016 किआ स्पोर्टेज, 2016-2018 किआ के900 और 2016-2018 हुंडई सांता फ़े वाहन शामिल हैं। इसमें 126,747 किआ वाहन और 357,830 हुंडई वाहन शामिल हैं। हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, इसके कारण कुल 11 आग की घटनाएं हुई हैं। नेशनल हाईवे ट्रैफिक सेफ्टी एडमिनिस्ट्रेशन (NHTSA) वाहन मालिकों से वाहन निर्माताओं की सलाह का पालन करने को है।







NHTSA ने कहा है कि जैसे-जैसे आप आगे बढ़ेंगे आग का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए बंद होने पर भी वाहनों को दूसरों से दूर खड़ा करना पड़ता है।

## कंपनी सही कर रही गाड़ियां

डीलर इन गाड़ियों के एंटी-क्लॉक ब्रेकिंग कंट्रोल मॉड्यूल की जांच करेंगे और गड़बड़ी होने पर नया लगाया जा सकता है। साथ ही इनका फ्यूज भी बदला जाएगा। इसके लिए कोई पैसा नहीं लिया जाएगा। हुंडई और किआ एक दूसरे से करीब से जुड़ी हैं। हुंडई की पेरेंट कंपनी हुंडई मोटर ग्रुप की किआ में कंट्रोलिंग स्टेक है। दोनों कंपनियों के कई मॉडल्स में एक तरह की इंजीनियरिंग है। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चुंग यूई यांग ने मंगलवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर को फोन किया और हुंडई पाकिस्तान के कश्मीर संबंधी ट्वीट पर अपना खेद व्यक्त किया। पाकिस्तान की हुंडई की ओर से किए गए ट्वीट पर भारत ने कड़ी आपत्ति दर्ज की थी। आपको बता दें कि ये दोनों दक्षिण कोरियाई कंपनियां हैं। किआ और हुंडई ने भी इसको लेकर माफी मांगी है। आपको बता दें कि हुंडई कंपनी के पाकिस्तानी डीलर हुंडई पाकिस्तान के उस ट्वीट के बाद जिसमें उसने कश्मीर के अलगाववादियों का समर्थन किया था। कुछ ऐसा ही ट्विट किया मोटर्स पाकिस्तान की तरफ से आया। हालांकि, इसके बाद हुंडई इंडिया की ओर से बयान जारी करके कहा गया है कि भारत कंपनी का दूसरा घर है। कंपनी इस तरह की विचारधारा का कोई समर्थन नहीं करती है।

# महंगे होने लगे हैं गोल्ड-सिल्वर सोना 49 और चांदी साढ़े 63 हजार के करीब पहुंची

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी के दामों में आज यानी बुधवार को बढ़त देखी गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार आज सर्राफा बाजार में सोना 247 रुपए महंगा होकर 48,691 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं अगर वायदा बाजार की बात करें तो MCX पर दोपहर 1 बजे सोना 35 रुपए की बढ़त के साथ 48,464 रुपए पर ट्रेड कर रहा है। चांदी की बात करें तो सर्राफा बाजार में आज चांदी 845 रुपए महंगी होकर 62,463



रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। स्ष्टङ्ग पर भी दोपहर 1 बजे चांदी 173 रुपए की बढ़त के साथ 62,540 रुपए पर ट्रेड कर रही है।

**फरवरी में अब 700 रुपए से ज्यादा महंगा हुआ सोना:** इस महीने अब तक सोने में अच्छी तेजी देखी जा रही है। अभी तक सिर्फ 9 दिनों में ही 715 रुपए महंगा हो गया है। 1 फरवरी को ये 47,976 रुपए प्रति 10 ग्राम में था जो अब 48,691 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी की बात करें तो ये 60,969 रुपए प्रति किलोग्राम से बढ़कर 62,463 रुपए पर पहुंच गई है। यानी ये इस महीने 1,494 रुपए महंगी हुई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 1,827.48 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया है। वहीं चांदी की बात करें तो ये 23 डॉलर प्रति औंस के करीब पहुंच गई है। केडिया कमोडिटी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि देश और दुनिया में महंगाई बढ़ रही है। इसके अलावा यूक्रेन और रूस के बीच बढ़ते विवाद के कारण ग्लोबल टेंशन बढ़ी है।

आवश्यकता

युवा प्रदेश नेटवर्क

*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*

युवा प्रदेश नेटवर्क,
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
भोपाल (मप्र)मो.- 9755364204

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)